Atrium Health

# वित्तीय सहायता का सारांश

"देखभाल" संबंधी Atrium Health के बुनियादी मूल्य का निर्वाह करते हुए Atrium Health इसके लिए प्रयासरत रहता है कि मरीज़ की भुगतान करने की क्षमता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाए। वित्तीय सहायता कार्यक्रम यह सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किए गए हैं कि वित्तीय जरूरत प्रकट करने वाले मरीज़ों को सहायता मिले और यह सुनिश्चित हो कि Atrium Health वित्तीय सहायता से संबंधित किसी भी अपेक्षित संघीय या राज्य विनियम के अनुरूप हो। वित्तीय सहायता के लिए पात्र व्यक्तियों को कभी भी बीमाकृत मरीज़ को आमतौर पर बिल भेजी जाने वाली राशि (AGB) से अधिक बिल नहीं भेजा जाएगा। AGB की गणना करने के लिए Atrium Health लुक-बैक (पीछे देखें) विधि का इस्तेमाल करता है, अधिक जानकारी और गणना के लिए मरीज़ ग्राहक सेवा से संपर्क करें।

**वित्तीय सहायता कार्यक्रम:**

**कवरेज सहायता एवं वित्तीय सहायता (Coverage Assistance & Financial Assistance, CAFA)**

CAFA कार्यक्रम नॉर्थ केरोलिना, साउथ केरोलिना, जॉर्जिया या ऐलाबामा के ऐसे निवासियों के लिए है जिन्होंने अस्पताल में भर्ती होकर या देखरेख सेवाएं प्राप्त की हैं और वित्तीय जरूरत प्रकट की है। इसमें अस्पताल की ऐसी बाह्य मरीज़ और चिकित्सा समूह सेवाएं भी शामिल हैं जिनके परिणामस्वरूप $10,000 से अधिक या इसके बराबर शेष राशि चुकाई गई है। इन तरह की सेवाओं वाले गैर-बीमाकृत मरीज़ों की कवरेज सहायता सेवाएं (Coverage Assistance Services) विभाग द्वारा समीक्षा की जाएगी ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि क्या वे अन्य कवरेज अवसरों के लिए पात्र हैं। यदि मरीज़ इस प्रक्रिया में पूरी तरह से सहयोग करता है और कवरेज का कोई स्रोत उपलब्ध नहीं है, तो संघीय निर्धनता दिशानिर्देशों (FPG) की तुलना में आय के आधार पर CAFA के लिए उनके खाते का मूल्यांकन किया जाएगा। FPG की 300% से कम या उसके बराबर आय वाले मरीज़ों को 100% वित्तीय सहायता मिलेगी। FPG के 301% से 400% के बीच के मरीज़ आंशिक सहायता के लिए पात्र होंगे। मरीज़ों की शेष राशि का भुगतान करने में उनकी सहायता करने के लिए ब्याज मुक्त भुगतान विकल्प उपलब्ध हैं।

**वित्तीय सहायता स्कोरिंग (Financial Assistance Scoring, FAS)**

वित्तीय सहायता स्कोरिंग कार्यक्रम नार्थ केरोलिना, साउथ केरोलिना, जॉर्जिया या ऐलाबामा के ऐसे निवासियों के लिए है जो बिना बीमा वाले मरीज़ हैं और जिन्हें अस्पताल की बाह्य मरीज़ या चिकित्सा समूह सेवाएं प्राप्त हुई हैं जिसके परिणामस्वरूप शेष राशि $10,000 से कम है। बिलिंग से पहले वित्तीय सहायता के लिए प्रत्येक खाते की स्वचालित रूप से समीक्षा की जाएगी। पात्रता बाहरी पक्ष विक्रेता से यह संभावना दर्शाने वाले वित्तीय सहायता स्कोर पर आधारित है कि मरीज़ निर्धनता में रहता है। अर्हता प्राप्त खातों वाले मरीज़ों को 100% समायोजन दिया जाएगा और उन्हें बिल प्राप्त नहीं होगा। अर्हता प्राप्त स्कोर वाले मरीज़ों द्वारा कोई कार्रवाई किया जाना अपेक्षित नहीं है। वित्तीय सहायता अस्पताल बाह्य मरीज़ सेवाओं के लिए अपात्र पाए गए मरीज़ों को यह बताने वाला पत्र मिलेगा कि खाता अपात्र पाया गया था और इस निर्णय के विरुद्ध कैसे अपील की जानी है।

***केवल जॉर्जिया के निवासियों के लिए***: जॉर्जिया में कुछ अस्पताल सेवाएं प्राप्त करने वाले जॉर्जिया के निवासियों के लिए जॉर्जिया निर्धन देखभाल ट्रस्ट निधि (Georgia Indigent Care Trust Fund, ICTF) राज्य कार्यक्रम के ज़रिए कम बीमा राशि वाले मरीज़ों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध है। इस कार्यक्रम के लिए धन दिया जाना वार्षिक सीमाओं के अधीन है। ये मरीज़ CAFA आवेदन जमा करके आवेदन कर सकते हैं। 300% FPG के बराबर या इससे कम वाले मरीज़ों को 100% वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। वित्तीय सहायता प्रदान करने से पहले मरीज़ों से यह अपेक्षित होगा कि वे अन्य कवरेज विकल्पों के संबंध में पात्रता निर्धारित करने के लिए कवरेज सहायता प्रक्रिया में सहयोग करें। (बिना बीमा वाले GA निवासियों को CAFA एवं FAS प्रक्रियाओं के ज़रिए ICTF वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है) मरीज़ Atrium सुविधा-केंद्र में ICTF कार्यक्रम से संबंधित चिंताओं के बारे में 1-877-261-3117 पर जॉर्जिया राज्य सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग (Georgia State Department of Community Health) से संपर्क कर सकते हैं।

**आवेदन कैसे करें:** मरीज़, आवेदन पोर्टल के ज़रिए फोन, टेबलेट या कंप्यूटर से या https://atriumhealth.org/for-patients-visitors/financial-assistance पर जाकर आवेदन-पत्र डाउनलोड करके और इसे 'Atrium Health कवरेज सहायता सेवाएं' को मेल करके ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। डाक से आवेदन प्राप्त करने के लिए या अस्पताल के सुविधा-केंद्र के भर्ती कार्यालय में स्वयं आवेदन प्राप्त करने के लिए मरीज़ ग्राहक सेवा (Patient Customer Service) से संपर्क करें।

*कवरेज सहायता और वित्तीय सहायता नीति और दस्तावेज Atrium Health वेबसाइट पर उपलब्ध हैं: https://atriumhealth.org/for-patients-visitors/financial-assistance. इसकी प्रतियाँ अस्पताल के भर्ती कार्यालयों में स्वयं पहुँचकर मुफ्त में उपलब्ध हैं या इन्हें 'मरीज़ ग्राहक सेवा' को कॉल करके डाक से प्राप्त किया जा सकता है।*

**अन्य कार्यक्रम:**

**गैर-बीमाकृत छूट**

बिना बीमा वाले मरीज़ों को चिकित्सकीय रूप से आवश्यक सभी सेवाओं पर सकल शुल्क से 50% छूट मिलेगी। गैर-बीमाकृत छूट स्वचालित रूप से लागू होती है और यह छूट प्राप्त करने के लिए मरीज़ को कुछ करने की जरूरत नहीं है। यह कार्यक्रम सभी गैर-बीमाकृत मरीज़ों के लिए उपलब्ध है।

**संकट छूट**

यह कार्यक्रम नॉर्थ केरोलिना, साउथ केरोलिना, जॉर्जिया या ऐलाबामा में रहने वाले भयावह चिकित्सा घटना से पीड़ित ऐसे लोगों की सहायता के लिए डिज़ाइन किया गया है जिनके इस वजह से उनके वित्तीय संसाधनों की तुलना में बड़े चिकित्सा बिल आए हैं, चाहे उनकी बीमा कवरेज कुछ भी हो। बीमा या तृतीय पक्ष के सभी भुगतानों के बाद भी अपने कुल पारिवारिक वित्तीय संसाधनों के कम से कम 10% तक शेष राशि खर्च करने वाले मरीज़ संकट छूट के लिए पात्र हो सकते हैं। संकट समाधान छूट के इच्छुक मरीज़ों को अपना पहला स्टेटमेंट मिलने के बाद ग्राहक सेवा विभाग को कॉल करके इस कार्यक्रम के बारे में पूछताछ करनी चाहिए।

**सामुदायिक परिवर्तनशील शुल्क छूट कार्यक्रम (Community Sliding Fee Discount Program)**

परिवर्तनशील शुल्क छूट कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा कोर (National Health Service Corps, NHSC) कार्यक्रमों से समन्वित सामुदायिक आउटरीच साइटों पर उपलब्ध है। ये छूटें परिवार के आकार और वार्षिक आय के आधार पर दी जाती है और अर्हता प्राप्त व्यक्तियों के लिए उपलब्ध हैं। 300% निर्धनता के बराबर या उससे कम आय वाले मरीज़ों को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में 100% छूट मिलेगी। 300% निर्धनता से ऊपर परंतु 400% निर्धनता के बराबर या उससे कम आय वाले व्यक्ति आंशिक छूट के लिए पात्र होंगे। मरीज़ https://atriumhealth.org/for-patients-visitors/financial-assistance पर जाकर आवेदन-पत्र डाउनलोड करके और इसे 'Atrium Health कवरेज सहायता सेवाएं' को डाक से भेजकर आवेदन कर सकते हैं या मरीज़ डाक से आवेदन-पत्र का अनुरोध करने के लिए 'मरीज़ ग्राहक सेवा' से संपर्क कर सकते हैं।

**संपर्क संबंधी जानकारी**

Atrium Health Coverage Assistance Services
PO Box 32861
Charlotte, NC 28232

Patient Customer Service
(704) 512-7171 or 1-844-440-6536

*यह जानकारी अरबी, बर्मी, फ्रेंच, हिंदी, कोरियाई, रूसी, सरलीकृत चीनी, स्पेनिश, पारंपरिक चीनी और वियतनामी भाषाओं में उपलब्ध है।*